# ई-टेंडर

## भारतीय निर्यात-आयात बैंक के एडोब प्रोडक्ट लाइसेंस का नवीकरण

**टेंडर संदर्भ सं. : IT/EXIM/RFP/2018-19/001**


**फोन: 022-22172410**

**ई-मेल: dharmendra@eximbankindia.in**

**भारतीय निर्यात-आयात बैंक**

केंद्र एक भवन, 21वीं मंज़िल,

विश्व व्यापार केंद्र संकुल, कफ़ परेड,

मुंबई-400 005

**फोन : 022 – 22172600, 2410**

ई-मेल: dharmendra@eximbankindia.in

| टेंडर दस्तावेज़ | भारतीय निर्यात-आयात बैंक के एडोब प्रोडक्ट लाइसेंस का नवीकरण |
|---|---|
| टेंडर दस्तावेज़ मूल्य | शून्य |
| टेंडर दस्तावेजों की फीस स्वीकार करने की अंतिम तारीख | शून्य |
| बयाना (ईएमडी) राशि | शून्य |
| ऑनलाइन नोटिस की तारीख | 16 अप्रैल, 2018 |
| दस्तावेज़ डाउनलोडिंग की तारीख | 16 अप्रैल, 2018, 02.30 बजे |
| दस्तावेज़ डाउनलोडिंग की अंतिम तारीख | 02 मई, 2018, 01.00 बजे |
| प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख और समय | 02 मई, 2018, 02.00 बजे |
| टेंडर खोलना | 02 मई, 2018, अपराह्न 5.00 बजे |
| टेंडर प्राप्त करने का स्थान | **https://eximbankindiatenders.procuretiger.com** |

**ई-टेंडरिंग/ इलेक्ट्रॉनिक टेंडरिंग/वेब टेंडरिंग/ ऑनलाइन टेंडरिंग** यह इंटरनेट पर टेंडरिंग प्रक्रिया है जो मैनुअल प्रक्रिया के स्थान पर लाई गई है। इसके अंतर्गत पात्र बोलीकर्ता/निविदाकर्ता अपने विशिष्ट यूजरनेम एवं पासवर्ड एवं स्थान का उपयोग कर अपने तकनीकी एवं वाणिज्यिक बिडों के लिए इंटरनेट पर लॉग ऑन कर सकता है। पात्र बोलीकर्ताओं को ऑनलाइन बिड प्रस्तुत करने के लिए मेसर्स ई प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजिज लि. (एबीसी प्रोक्योर) के अधिकारी द्वारा निर्धारित तारीख एवं समय पर विशेष डिजिटल हस्ताक्षर/ इलेक्ट्रॉनिक की/ पासवर्ड के जरिए प्रशिक्षित किया जाएगा। निविदाकर्ता द्वारा प्रस्तुत बिड गोपनीय रहेंगी और केवल एक्ज़िम बैंक के प्राधिकृत अधिकारियों द्वारा ही खोली जाएंगी। किसी भी अन्य व्यक्ति को बोलियों से संबंधित सूचना प्राप्त नहीं होगी और यह पूर्णरूप से गोपनीय रहेगी।

**न्यूनतम अपेक्षाएं :**

1. कम्प्यूटर/लैपटॉप इंटरनेट कनेक्शन के साथ
2. ऑपरेटिंग सिस्टम-विंडोज एक्सपी सर्विस पैक-3/ विस्टा/ विंडोज 7
3. डिजिटल प्रमाण पत्र- श्रेणी II या श्रेणी III, हस्ताक्षर एवं एन्क्रिप्शन तथा यह संस्थागत प्रमाणपत्र होना चाहिए।

**ई-टेंडर प्रक्रिया हेतु संपर्क करने संबंधी जानकारी**

निम्नलिखित वेबसाइट के जरिए ऑनलाइन वेंडर रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है:

http://eximbankindiatenders.procuretiger.com

"न्यू बिडर रजिस्ट्रेशन" लिंक पर क्लिक करें उसके बाद यूजर आई डी एवं पासवर्ड बनाएं और अपना

डिजिटल प्रमाण पत्र संलग्न करें। किसी अन्य स्पष्टीकरण के लिए कृपया संपर्क करें:

**ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजिज लिमिटेड**
**ए-801- वाल स्ट्रीट - II,**
**ओरिएंट क्लब के सामने,**
**गुजरात कॉलेज के पास, एलिस ब्रिज,**
**अहमदाबाद-380 006**
**गुजरात राज्य, भारत**

**फोनः +91 (79) - 40270566/567/579/580/582/590**
**फैक्सः +91 (79) - 40230847**

## ई-टेंडरिंग प्रक्रिया अनुपालन विवरण

बिड कार्यक्रम में भाग लेने पर यह माना जाएगा कि आपको निम्नलिखित नियम एवं शर्तें स्वीकार हैं:

1. एक बार प्रस्तुत किए गए मूल्य में कोई परिवर्तन नहीं किया जा सकता है।
2. तकनीकी एवं अन्य गैर-वाणिज्यिक मामलों के बारे में पूछताछ के लिए निविदा दस्तावेज में निर्दिष्ट एक्ज़िम बैंक के संपर्क अधिकारी से (यदि मूल्य पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है) संपर्क किया जा सकता है। बिडिंग प्रक्रिया से संबंधित मामलों के लिए टेंडर दस्तावेज में निर्दिष्ट अनुसार मेसर्स ई प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजिज लि. के अधिकारी को लिखा जा सकता है।
3. टेलीफोन लाइन खराब होने, इंटरनेट का सही से काम नहीं करने, सॉफ्टवेयर या हॉर्डवेयर हैंग होने आदि कारण से बिड प्रस्तुत नहीं करने के लिए मेसर्स ई प्रोक्योरमेंट लि. या एक्ज़िम बैंक जिम्मेदार नहीं होगा। हालांकि मेसर्स ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजिज लि. बिडिंग प्रक्रिया को निर्बाध रूप से पूरा करने के लिए हर संभव प्रयास करेगा।
4. मेसर्स ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजिज लि. बिड प्रक्रिया के अलावा कोई जवाबदेही नहीं है। ऑर्डर का निर्णय एवं ऑर्डर के बाद की कार्यवाही सीधे बोलीकर्ता एवं एक्ज़िम बैंक के बीच की जाएगी।
5. एकबार बिड प्रस्तुत कर देने के बाद किसी भी परिस्थिति में उसे वापस/उसमें संशोधन नहीं किया जा सकता है।
6. एक्ज़िम बैंक ई-टेंडरिंग को विस्तारित या पुनः निर्धारित या रद्द करने का निर्णय ले सकता है।
7. बोलीकर्ता को किसी शुद्धिपत्र आदि के लिए http://eximbankindiatenders.procuretiger.com पर जाने की सलाह दी जाती है।

मैंने/हमने ई-टेंडरिंग प्रक्रिया के अनुपालन विवरण को पढ़ और समझ लिया है और इसे मानने के लिए मैं/हम सहमत हूं/ हैं।

**दिनांक** :

**संगठन का नाम** :

**नाम** :

**पदनाम** :

**दस्तावेज डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित है अतः बोलीकर्ता का मोहर एवं हस्ताक्षर अनिवार्य नहीं है।**

# विषय वस्तु

| क्रमांक | शीर्षक |
|---|---|
| 01 | कोटेशन बिड नोटिस |
| 02 | पात्रता मानदंड |
| 03 | अनिवार्य सूचना |
| क | निविदाकर्ता की पूर्व अहर्ता के लिए अपेक्षित सूचना |
| 04 | निविदा फार्म |
| 05 | निविदाकर्ताओं के लिए निर्देश |
| 06 | परिशिष्ट में शामिल महत्वपूर्ण अनुसूची |

## कोटेशन बिड नोटिस

1. भारतीय निर्यात-आयात बैंक (एक्ज़िम बैंक), एक निगम, की स्थापना भारतीय निर्यात-आयात बैंक अधिनियम, 1981 के तहत हुई है और इसका पंजीकृत कार्यालय 21वीं मंज़िल, विश्व व्यापार केन्द्र संकुल, कफ़ परेड, मुंबई 400 005 में है, पात्र बोलीकर्ताओं से प्रस्ताव के लिए अनुरोध (आर एफ पी) बिल ऑफ मटेरियल के अनुसार एडोब प्रोडक्ट लाइसेंस की आपूर्ति के लिए बिड्स आमंत्रित करता है।
2. टेंडरिंग का माध्यम ई-टेंडरिंग है। ई-टेंडरिंग एक ऐसी प्रक्रिया है जिसके जरिए इंटरनेट का उपयोग कर भौतिक टेंडरिंग प्रक्रिया पूरी की जाती है और यह काफी तेज और सुरक्षित भी होता है।
3. निम्नलिखित वेबसाइट के जरिए ऑनलाइन वेंडर रजिस्ट्रेशन किया जा सकता हैः

   https://eximbankindiatenders.prcuretiger.com "न्यू बिडर रजिस्ट्रेशन" लिंक पर क्लिक करें उसके बाद यूजर आई डी एवं पासवर्ड तैयार करें एवं अपना डिजिटल प्रमाण पत्र संलग्न करें।
4. सफलतापूर्वक वेंडर रजिस्ट्रेशन करने तथा टेंडर दस्तावेज लागत का भुगतान करने के बाद ही उक्त वेबसाइट से टेंडर दस्तावेज डाउनलोड (टेंडर दस्तावेज की हॉर्डकॉपी नहीं दी जाएगी) करने की अनुमति दी जाएगी।

5. **ई-टेंडर प्रक्रिया हेतु जानकारी के लिए संपर्क करें:**

**ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजिज लिमिटेड**
**ए-801- वाल स्ट्रीट - II,**
**ओरिएंट क्लब के सामने,**
**गुजरात कॉलेज के पास, एलिस ब्रिज,**
**अहमदाबाद-380 006**
**गुजरात राज्य, भारत**

**फोनः +91 (79) - 40270566/567/579/580/582/590**
**फैक्सः +91 (79) - 40230847**

6. एक्ज़िम बैंक के पास बिना कोई कारण बताए आंशिक या पूर्ण रूप से ऑफर को स्वीकार करने या निरस्त करने का अधिकार है।

# पात्रता मानदंड

| क्रम सं. | पात्रता मानदंड | प्रस्तुत करने हेतु दस्तावेज़ |
| --- | --- | --- |
| 1 | बिडर को भारत में कार्पोरेट अकाउंट के लिए एडोब प्रोडक्ट सपोर्ट का अनुभव होना अनिवार्य है। | कंपनी के लेटर हेड पर स्व-घोषणा पत्र अपलोड करना होगा। |
| 2 | उत्पाद उद्धृत इकाई मूल्य की वैधता टेंडर खुलने की तारीख से 60 दिन होनी चाहिए। बैंक आवश्यकतानुसार, टेंडर खुलने की तारीख से 60 दिनों के भीतर उसी नियम और शर्तों पर दुबारा आदेश दे सकता है। | प्रस्तुत करने के लिए कंपनी लेटर हेड पर हस्ताक्षरित सहमति। |
| 3 | बैंक को एडोब उत्पाद लाइसेंस जारी करने के बाद 15 दिनों के भीतर भुगतान किया जाएगा। कोई आंशिक या अग्रिम भुगतान नहीं किया जाएगा। | शून्य |
| 4 | बिडर के पास अस्थायी जीएसटी रजिस्ट्रेशन नंबर जरूर होना चाहिए। | प्रोविजनल जीएसटी पावती की प्रति अपलोड करनी होगी। |

# अनिवार्य जानकारी

## निविदाकर्ता के पूर्व अर्हता के लिए अनिवार्य

मैं/ हम यह पुष्टि करता हूँ/ करते हैं कि मेरी/ हमारी जानकारी में यह सूचना सही है तथा स्वीकार करते हैं कि यदि मेरे / हमारे द्वारा किसी भी तरह की सूचना जानबुझकर छुपाई गई पाई जाती है तो किसी भी चरण में राशि को अस्वीकार कर दिया जाएगा।

<table>
<tr><th colspan="2">क्रमांक</th><th>विवरण</th><th>वर्णन</th></tr>
<tr><td colspan="2">1. कंपनी का नाम</td><td></td><td></td></tr>
<tr><td colspan="2">2. मालिक का नाम</td><td></td><td></td></tr>
<tr><td colspan="2">भागीदार/निदेशक</td><td></td><td></td></tr>
<tr><td colspan="2">क (मोबाइल नं.)</td><td></td><td></td></tr>
<tr><td colspan="2">ख (मोबाइल नं.)</td><td></td><td></td></tr>
<tr><td colspan="2">3. कार्यालय का टेलीफोन नं.</td><td></td><td></td></tr>
<tr><td colspan="2">क.</td><td></td><td></td></tr>
<tr><td colspan="2">ख.</td><td></td><td></td></tr>
<tr><td colspan="2">ग.</td><td></td><td></td></tr>
<tr><td colspan="2">4. प्रधान कार्यालय का पता</td><td></td><td></td></tr>
<tr><td colspan="2">5. ई-मेल पता</td><td></td><td></td></tr>
<tr><td colspan="2">क.</td><td></td><td></td></tr>
<tr><td colspan="2">ख.</td><td></td><td></td></tr>
<tr><td colspan="2">6. स्थापना वर्ष</td><td></td><td></td></tr>
<tr><td colspan="2">7. रजिस्ट्रेशन नं. एवं रजिस्ट्रेशन की तारीख</td><td></td><td></td></tr>
<tr><td colspan="2">8. कंपनी की स्थिति (मालिक/ भागीदार/कं. आदि)</td><td></td><td></td></tr>
<tr><td rowspan="2">9. बैंकरों का नाम</td><td>क.</td><td></td><td></td></tr>
<tr><td>ख.</td><td></td><td></td></tr>
<tr><td colspan="2">10. पैन कार्ड नं.</td><td></td><td></td></tr>
<tr><td colspan="2">11. जीएसटी नं.</td><td></td><td></td></tr>
</table>

**दस्तावेज़ों पर डिजिटल हस्ताक्षर होने के कारण बिडर के मोहर और हस्ताक्षर की आवश्कता नहीं है :**

**तारीख :**

**स्थान :**

**नोट :**

कृपया उल्लिखित दस्तावेज़ों की क्रमवार स्कैन की गई प्रति अपलोड की जाए।

# टेंडर फार्म

**श्री धर्मेन्द्र सचान**
**महाप्रबंधक - सूचना प्रौद्योगिकी**
**भारतीय निर्यात-आयात बैंक**
**21वीं मंज़िल, केंद्र एक भवन, विश्व व्यापार केंद्र**
**कफ़ परेड, मुंबई - 400 005**

प्रिय महोदय,

**संदर्भ: भारतीय निर्यात-आयात बैंक के लिए एडोब प्रोडक्ट लाइसेंस का नवीकरण।**

**संदर्भ संख्या: आई टी/एक्ज़िम/आरएफपी/2018-19/001**

मैं / हम दस्तावेज में निर्दिष्ट टेंडर के कार्य स्वरूप को निर्धारित समय सीमा के भीतर निष्पादित एवं पूरा करने के लिए सहमत हूँ / हैं। मैं/ हम इससे भी सहमत हूँ / हैं कि एक्ज़िम बैंक की पूर्व अनुमति के बिना किसी अन्य उप-सेवा प्रदाता को कार्य पर नहीं लगाएंगे। मैं / हम जी एस टी, बिक्री कर, कार्य संविदा कर, उत्पाद कर, एल बी टी, प्रभार सहित अन्य सभी तरह की रॉयल्टीज एवं इन मदों पर समय-समय पर लागू अन्य सभी करों का भुगतान करने के लिए सहमत हूँ / हैं और इन पर मेरे/हमारे द्वारा कोट की गई दरों में उक्त कर शामिल नहीं हैं।

मैं / हम यह मानता हूँ/ मानते हैं कि आप सबसे कम कोट की गई टेंडर को स्वीकार करने या हमारे टेंडर को अस्वीकार करने का कारण बताने के लिए बाध्य नहीं हैं। हम एक्ज़िम बैंक की टेंडर दस्तावेज तथा एम्पैनलमेंट प्रक्रिया में शामिल की गई पूर्व शर्तों को बिना शर्त स्वीकार करते हैं।

मैं / हम इससे सहमत हूँ/हैं कि यदि मेरे द्वारा निर्धारित समय सीमा के अंदर तथा एक्ज़िम बैंक द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार काम पूरा नहीं किया जाता है तो एक्ज़िम बैंक के पास मेरी संविदा को निरस्त करने का अधिकार है।

भवदीय,

दस्तावेज पर डिजिटल हस्ताक्षर होने के कारण बिडर की मोहर और हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है:

| | |
|---|---|
| स्थानः | नामः |
| दिनांकः | पदनामः |
| | मोहरः |

# निविदाकर्ताओं के लिए निर्देश

## 1.0. स्थानः

भारतीय निर्यात-आयात बैंक, 21वीं मंज़िल, केन्द्र एक भवन, विश्व व्यापार केन्द्र, कफ़ परेड, मुंबई 400 005 तथा भारत स्थित क्षेत्रीय कार्यालय।

क. निविदाकर्ताओं को टेंडरिंग से पहले प्रस्तावित कार्य, विनिर्देशों, संविदा की शर्तों एवं अन्य शर्तों को सावधानीपूर्वक पढ़ लेना चाहिए। यदि जरूरी हो तो निविदाकर्ता को टेंडर प्रस्तुत करने से पहले 27 अप्रैल, 2018, अपराह्न 4.00 बजे तक इसके बारे में स्पष्टीकरण प्राप्त कर लेना चाहिए। टेंडर प्राप्त करने के बाद किसी भी परिस्थिति में दरों या शर्तों में बदलाव नहीं किया जाएगा।

## 2.0 निविदा प्रस्तुत करनाः

ई-टेंडरिंग प्रक्रिया के अनुपालन के लिए बिन्दु 7 में दिए गए विवरण का अवलोकन करें। निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख पर किसी भी क्वेरी पर विचार नहीं किया जाएगा।

**3.0** निविदा दस्तावेज में किसी भी प्रकार की **प्रिंटिंग/टाइपिंग की गड़बड़ी/भूल के लिए** निविदाकर्ता को एक्ज़िम बैंक से संपर्क करना होगा तथा बैंक द्वारा सुधार संबंधी स्पष्टीकरण अंतिम होगा तथा सेवा प्रदाता के लिए बाध्यकारी होगा।

## 4.0 निविदा दस्तावेजों का हस्तांतरणः

एक निविदाकर्ता द्वारा खरीदे गए निविदा दस्तावेजों को किसी अन्य को हस्तांतरित नहीं किया जा सकता है।

## 5.0 वैधताः

निविदाकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत की गई **बिड/टेंडर खुलने की तारीख से 60 दिनों** तक वैध रहेगी। वैधता अवधि के दौरान एक्ज़िम बैंक द्वारा लिखित रूप में जब तक स्वीकृति नहीं दी जाती है तब तक निविदाकर्ता टेंडर रद्द करने या निरस्त करने अथवा टेंडर के नियम एवं शर्तों में बदलाव करने के लिए पात्र नहीं होंगे।

## 6.0 निविदा को स्वीकार या निरस्त करने का अधिकारः

निविदा को स्वीकार करना या ना करना एक्ज़िम बैंक पर निर्भर करता है। बैंक सबसे कम कोट वाली निविदा को भी स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं है तथा एक्ज़िम बैंक को किसी या सभी प्राप्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार है। एक्ज़िम बैंक के पास पूरे टेंडर या उसके कुछ हिस्से को स्वीकार करने का भी अधिकार है तथा निविदाकर्ताओं को उनके द्वारा कोट की गई दरों पर ही काम करना होगा। सभी निविदाएं जिसमें निर्धारित नियम एवं शर्तों को पूरा नहीं किया गया है या किसी मामले में अधूरा है अथवा किसी प्रकार की सुधार की आवश्यकता है, निविदाकर्ता द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित नहीं है तथा दिनांक का उल्लेख नहीं किया गया है तो उसे अस्वीकार कर दिया जाएगा। इस उद्देश्य से निविदाकर्ता विभिन्न मदों के लिए कोट करेंगे जो किसी या सभी मदों को निष्पादित करने के लिए अपने आप में पर्याप्त होगा। मदों के निष्पादन के लिए कोट की गई दरों में अंतर होने पर किसी भी मदों में उल्लिखित मात्राओं को हटाने, सुधार करने या कम करने हेतु किए गए अनुरोध पर एक्ज़िम बैंक द्वारा विचार नहीं किया जाएगा।

**7.0 दरः**

एक्ज़िम बैंक उत्पाद, पार्ट्स और लेबर कॉस्ट में किसी भी प्रकार की वृद्धि या गिरावट के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

**8.0** इस संविदा के अंतर्गत निष्पादित कामों के लिए निविदा में दी गई शर्तों के अनुसार भुगतान किया जाएगा तथा भुगतान के लिए किसी भी प्रकार के बदलाव को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**9.0 कॉंट्रैक्ट पर हस्ताक्षरः**

क) सफल निविदाकर्ता को निविदा स्वीकृति की सूचना मिलने के 07 दिनों के अंदर एक्ज़िम बैंक के साथ गैर-प्रकटीकरण करार निष्पादित करना होगा। सफल निविदाकर्ता द्वारा नियत तिथि के अंदर उक्त करार पर हस्ताक्षर न करने की स्थिति में एक्ज़िम बैंक ऑर्डर निरस्त भी कर सकता है।

ख) जब तक करार औपचारिक रूप से हस्ताक्षरित नहीं हो जाता तब तक कार्य आदेश/ सफल निविदाकर्ता को जारी और उनके द्वारा मंजूर स्वीकृति पत्र, भारतीय एक्ज़िम बैंक तथा सेवा प्रदाता दोनों पर लागू होंगे।

**10.0** निविदा स्वीकार करने पर निविदाकर्ता को अपने किसी अधिकृत प्राधिकारी का नाम एक्ज़िम बैंक को सूचित करना होगा जो एक्ज़िम से निर्देशों को प्राप्त करने तथा उनका अनुपालन करने के लिए जिम्मेदार होगा।

**11.0** यदि अपेक्षित हुआ तो एक्ज़िम बैंक के पास बिल प्रमाणिकरण (सर्टिफिकेशन) सहित कार्य की गुणवत्ता की जांच करने, मेजरमेंट रिकॉर्ड करने, पी एम सी (परियोजना प्रबंधन सलाहकार) या किसी अन्य एजेंसी को नियुक्त करने का अधिकार है।

**12.0** एक्ज़िम बैंक को किन्ही भी मदों को हटाने, सेवा प्रदाता को बिना किसी अतिरिक्त क्षतिपूर्ति के कार्य को कम करने या बढ़ाने का अधिकार है।

**13.0 स्थानीय निकायों को सूचना**

सेवा प्रदाता को कार्य से संबंधित सभी वांक्षित नियम, कानून, विनियम या संसद के नियम, विधायी या स्थानीय नियमों का अनुपालन करना होगा तथा सक्षम प्राधिकारी को सूचित करना होगा।

**14.0** मैं/हम एतदद्वारा घोषणा करता हूँ/ करते हैं कि मैंने/हमने निविदाकर्ताओं द्वारा अनुपालन हेतु उक्त सभी निर्देशों को पढ़ एवं समझ लिया है। डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित दस्तावेज़ पर मोहर एवं हस्ताक्षर अनिवार्य नहीं है।

## परिशिष्ट में शामिल महत्वपूर्ण अनुसूची

| क्रम सं. | विवरण | टिप्पणी |
|---|---|---|
| 1 | बयाना (ईएमडी) ` xxx/-राशि डिमांड ड्राफ्ट के रूप में भारतीय निर्यात-आयात बैंक, मुंबई को देय होगी। केवल सफल बोलीकर्ता द्वारा खरीद आदेश तारीख से 7 दिनों के भीतर। | लागू नहीं |
| 2 | निविदा दस्तावेज शुल्क `0/- ''भारतीय निर्यात-आयात बैंक", मुंबई के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट के रूप में देय होगी। | लागू नहीं |
| 3 | परियोजना प्रारम्भ करने की तारीख | |
| 4 | भारत सरकार या स्थानीय कानून के अनुसार प्रत्येक बिल पर लागू करों की कटौती की जाएगी। | |
| 5 | भुगतान शर्तें | भारतीय निर्यात-आयात बैंक के नाम पर जारी लाइसेंस प्रमाणपत्र के 15 दिनों के भीतर |
| 6 | मूल्य वैधता | 60 दिन |
| 7 | आवश्यकता और मूल्य के अनुसार मात्रा भिन्न हो सकती है | संभावित मात्रा 4 इकाई हैं। |

## कार्य का स्वरूप

1. बोलीकर्ता को भारतीय निर्यात-आयात बैंक के नाम पर एडोब प्रोडक्ट लाइसेंस प्रमाणपत्र देने होंगे और लाइसेंस को एडोब पोर्टल खाते में दर्शाना होगा।
2. एक्ज़िम बैंक को लाइसेंस मिलने के बाद ही भुगतान किया जाएगा।
3. कोई आंशिक या अग्रिम भुगतान नहीं किया जाएगा।
4. लाइसेंस देने और एडोब के साथ समन्वय रखने की जिम्मेदारी बोलीकर्ता की होगी।
5. लाइसेंस का नवीकरण 30 जून, 2018 से बाकी है।
6. एडोब उत्पाद के नवीनीकरण के लिए आवश्यक उत्पाद और मात्रा निम्नानुसार है।

**बिल ऑफ मटेरियल (बी ओ एम)**

| क्रम सं. | पार्ट नंबर | पार्ट का विवरण | मात्रा |
|---|---|---|---|
| 1 | 6523394बीसी01ए12 | टीमों के लिए एक्रोबैट प्रो डी सी<br>(12 महीने का सब्सक्रिप्शन) | 20 |
| 2 | 65270772बीसी01ए12 | क्रिएटिव क्लाउड फॉर टीम्स ऑल ऐप्स<br>(12 महीने का सब्सक्रिप्शन) | 1 |

**वाणिज्यिक प्रस्ताव:**

| क्रम सं. | पार्ट नंबर | पार्ट का विवरण | मात्रा | * इकाई दर (`) | कुल मूल्य (`) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6523394बीसी01ए12 | टीम के लिए एक्रोबैट प्रो डीसी<br>(12 महीने का सब्सक्रिप्शन) | 20 | | |
| 2 | 65270772बीसी01ए12 | क्रिएटिव क्लाउड फॉर टीम्स ऑल ऐप्स<br>(12 महीने का सब्सक्रिप्शन) | 1 | | |
| *** कुल मूल्य** | | | | | |

विशेष सूचना: सभी मूल्यों में सभी कर और प्रभार शामिल नहीं होंगे।